वी.यू. कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी आई.सी.ए.आर. के गवर्निंग बॉडी सदस्य मनोनीत

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–सोसाइटी की जनरल बॉडी तथा गवर्निंग बॉडी का सदस्य बनाया गया है। जिसका कार्यकाल 3 वर्षों का होगा। नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के ये सर्व प्रथम कुलपति हैं जिन्हें आई.सी.ए.आर. सोसाइटी की सदस्यता मिली है। गौरतलब है कि, भारत के श्रेष्ठतम कृषि अनुसंधान परिषद की सदस्यता, प्रो. तिवारी जी को उनके द्वारा किए गए शिक्षण, शोध–अनुसंधान तथा पशुपालकों हेतु किए गए उत्थान कार्य, उनकी प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा दूरदर्शिता को देखते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपतियों की श्रेणी में यह स्थान दिया गया है।

यह विश्वविद्यालय के लिए एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि है तथा गौरव की बात है कि प्रदेश के एकमात्र वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति जी का चयन सर्वप्रथम इस पद पर हुआ है। माननीय कुलपति जी को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बधाई प्रेषित की है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर